ब्रजराज-काव्य-माधुरी

रचयिता

महाराणा जवानसिंह

सम्पादक

महेन्द्र भानावत एम ए

प्रस्तावना-लेखक

डॉ० मोतीलाल मेनारिया, एम ए, पी-एच डी

साहित्य संस्थान

राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

प्रकाशक
साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ
उदयपुर (राज०)



प्रथम बार
सन् १९६६



मूल्य
आठ रुपये



मुद्रक
राजस्थान राज्य सहकार मुद्रणालय लि
जयपुर

विषय-सूची

प्रकाशक
साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ
उदयपुर (राज.)



प्रथम बार
सन् १६६६



मूल्य
आठ रुपये



मुद्रक
राजस्थान राज्य भण्डार मुद्रणालय लि.
जयपुर

विषय-सूची

समर्पण

भारतीय संस्कृति, भारतीय कला एवं भारतीय साहित्य

के

अन्यतम उन्नायक

वीर-कुल भूषण

महाराणा राजसिंह

को

सादर समर्पित

प्रस्तावना

सुदूर्व मेवाड़ राज्य न केवल शौर्य-पराक्रम का बल्कि धर्म, संस्कृति, साहित्य और कला का भी केन्द्र रहा। इतना ही नहीं, इस प्रदेश के अनेक महाराणा व उनके संबंधियों ने स्वयं साहित्य-रचना कर भारतीय वाङ्मय को श्रीसम्पन्न बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

(१) *महाराणा कुंभा*—ये महाराणा मोकल के पुत्र थे। इनकी माता का नाम सौभाग्यदेवी था। इन्होंने सं० १४९० से सं० १५२५ तक राज्य किया। ये बड़े प्रतापी राजा हुए। इन्होंने अपने बाहुबल से मेवाड़ जैसे छोटे राज्य को एक महान राज्य बना दिया। ये शिल्पशास्त्र के ज्ञाता तथा शिल्प कार्यों के प्रेमी थे। मेवाड़ में छोटे-बड़े ८४ किले हैं। इनमें ३२ किले कुंभाजी के बनवाये हुए हैं। इनके अतिरिक्त महान मंदिर, जलाशय आदि भी बनवाये। चित्तौड़-स्थित कीर्तिस्तम्भ के निर्माता यही थे। यह स्तम्भ भारतवर्ष में अपने ढंग का एक ही है। सं० १४९३ में कुंभाजी ने मांडू के सुलतान महमूद खिलजी को प्रथम बार परास्त किया था। कहा जाता है कि यह कीर्तिस्तम्भ उसकी यादगार में बनवाया गया था।

महाराणा कुंभा बहुमुखी प्रतिभा के नरेश थे। ये वीर, मनस्वी राजनीतिज्ञ और विद्यानुरागी थे। वेद, स्मृति, मीमांसा, उपनिषद्, व्याकरण आदि विभिन्न विषयों का इनको भारी ज्ञान था। ये संस्कृत भाषा के उद्भट विद्वान, नाट्यशास्त्र के ज्ञाता और प्रतिभावान् कवि थे। ये गद्य और पद्य दोनों लिखते थे। इन्होंने संगीत विषयक दो ग्रन्थ बनाये—संगीतराज और सूडप्रबन्ध। इन ग्रंथों के अलावा संगीतमीमांसा नामक एक और ग्रंथ का

उल्लेख स्व० डा० गौरीशंकर-हीराचद ओझा तथा हरबिलास सारडा ने अपने ग्रंथों में किया है। परन्तु यह संगीतराज से भिन्न कोई दूसरी रचना नहीं है। वस्तुतः संगीतराज ही का दूसरा नाम संगीतमीमांसा है, जैसा कि डॉ० आफ्रेक्ट ने अपने कैटेलागस कैटेलागरम् में संकेत किया है (पृष्ठ ६८६)। इन्होंने कवि बाण कृत चडीशतक की वृत्ति और जयदेव कृत गीतगोविन्द पर रसिकप्रिया नाम की टीका लिखी थी। चडीशतक की वृत्ति की एक हस्तलिखित प्रति का पता हाल ही में लगा है। यह प्रति जैन भवन ग्रंथालय कलकत्ता में सुरक्षित है। यह सं० १६७५ में लिखी गई थी। इसका लेखक खरतरगच्छीय जैन विद्वान् सकलकीर्ति था। इसमें २४०० श्लोक है। गीतगोविन्द की रसिकप्रिया टीका निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित हो चुकी है। चित्तौड़ के कीर्तिस्तम्भ का प्रशस्ति से विदित होता है कि इन्होंने चार नाटक बनाये थे जिन में महाराष्ट्री एवं कर्णाटी के साथ २ मेवाड़ी भाषा का प्रयोग किया गया था। राजस्थानी की बोली में साहित्य-निर्माण का यह सबसे पहला ऐतिहासिक उल्लेख है —

> येनाकारि मुरारिसंगतिरसप्रस्यन्दिनी नन्दिनी
> वृत्तिर्व्याहृतिचातुरीभिरतुला श्रीगीतगोविन्दके।
> श्रीकर्णाटकमेदपाटसुमहाराष्ट्रादिके यादव—
> द्वाणीगुम्फमयं चतुष्टयमयं सन्नाटकानां व्यधात् ॥१५८॥

हरबिलास सारडा के मतानुसार कुंभाजी ने संगीतरत्नाकर की टीका लिखी थी। यह टीका अप्राप्य है। इसलिये यह कहना कठिन है कि यह शार्ङ्गदेव के संगीतरत्नाकर की टीका है अथवा इसी नाम के किसी अन्य ग्रंथ की टीका। इन्होंने भिन्न-भिन्न रागों तथा तालों के साथ गाई जानेवाली अनेक देवताओं की स्तुतियां भी बनाई थीं जो एकलिंगमाहात्म्य में संगृहीत हैं। इन स्तुतियों में कुंभाजी की ऊंची काव्य-प्रतिभा और असाधारण सौंदर्य-बुद्धि झलकती है।

कुंभाजी सधे हुए गायक थे। ये वीणा बजाने में परम प्रवीण थे।

> सकलकविनृपालीमौलिमाणिक्यराचि—
> मधुररणितवीणावाद्यवैदग्ध्यविद्।

मधुकरकुलनीलाहारि रमाजी
जयति जयति कुंभा भूमिनीर्या गुमाली ॥१६०॥
—कीर्तिस्तम्भ का प्रशस्ति।

महाराणा कुंभा स्वयं लिखते थे और अपने आश्रित विद्वानों से लिखवाते भी थे, जिनका स्वतः यहाँ अच्छा सम्मान होता था। चित्तौड़ के कीर्तिस्तंभ की प्रशस्ति का मूल लेखक अत्रि था। उसका पूर्वार्द्ध लिखकर जब अत्रि मर गया तब कुंभाजी ने उसके पुत्र कवि महेश से उसका उत्तरार्द्ध लिखवाया और उस को मनवार हाथी सोने की डंडी वाले दो चँवर और एक छत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कुंभाजी शिल्पशास्त्र के अनुरागी थे। इन्होंने जय और अपराजित के मतानुसार कीर्तिस्तंभों की रचना का एक ग्रंथ बनाया। साथ ही अपने आश्रित सूत्रधार मंडन से देवतामूर्ति-प्रकरण प्रासादमंडन राजवल्लभ, रूपमंडन वास्तुमंडन, वास्तुसार वास्तुशास्त्र और रूपावतार ये आठ ग्रंथ बनवाये। मंडन के भाई नाथा ने वास्तुमंजरी और मंडन के पुत्र गोविन्द ने उद्धारधारणी कलानिधि एवं द्वारदीपिका नामक ग्रंथों की रचना की।

कुंभाजी की मृत्यु बहुत ही दुःखद स्थिति में हुई। एक दिन जब वे कुंभलगढ़ में मामादेव के मंदिर के पास जलाशय के किनारे बैठे थे तब इनके ज्येष्ठ पुत्र उदयसिंह ने इनको अचानक कटार भोंक कर मार डाला। यह घटना सं० १५२५ में हुई।

महाराणा कुंभाजी की रचना के कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं —

वृन्दावनात्कदम्बस्य महो माहेश्वरं नुमः।
मत्प्रकारो प्रकारोन मत्कुमारोवराजय ॥१॥

या गीतानुगता धनस्तपरमा वाद्यावनद्धानना
नानार्थैर्ललिताङ्करूपनिपुणा नृत्यप्रधानाऽव्यया।
भावलयरसैकगम्यमहिमा विभ्राजते यामिनि
सगानानि निधाय शुद्धमस्तु तस्मै परस्मैनमः ॥२॥

निर्मथ्यागमसागरं परिलसद्गानामृतं चाद्रिणा
संगीतामृतमुज्जहार जगतामत्यद्भुतानन्दम्।
स्फूर्जन्मोहमहाहिदष्टजनतासंतापनुत्त्यै नम-
स्तस्मै श्रीभरतार्यदिव्यमुनये स्याच्चन्द्रचूडात्मने ॥३॥

यो वेदाश्चतुरो विगाह्य चतुरो वक्त्रैश्चतुर्भिश्चतु-
र्वर्गाप्त्यै चतुरर्थमुख्यरुचिरं वर्णैश्चतुर्भिर्युतम्।
विज्ञानैकनिकेतनाय भरताचार्याय राज्ञोचिता-
चाराढ्यं चतुरङ्गनृत्यमदिशत्तस्मै नमो ब्रह्मणे ॥४॥

भुक्त्यान्विविभूतिभिर्जगदिदं व्याप्यैव नित्यस्थिता
दुःखाघूननमूलहेतुरखिलस्वर्वासिवर्यप्रिया
ब्रह्मानन्दरसातिशायिसुखदा ब्रह्मादिभिः संस्तुता
विद्या पावननूतना विजयते संगीतरूपा शिवा ॥५॥

—संगीतराज (पाठ्यरत्नकोश)

(२) मीराबाई—इनका जन्म सं० १५५५ के लगभग कुड़की नामक गाँव में हुआ। ये मेड़ता के राठौड़ राव दूदाजी के चतुर्थ पुत्र रत्नसिंह की बेटी थी। मीरा जब छोटी थी तब इनकी माता का देहान्त हो गया। इसलिए इनके दादा राव दूदाजी ने इन्हें कुड़की से अपने पास मेड़ता बुला लिया जहाँ इनका बाल्यकाल व्यतीत हुआ। लगभग १६ वर्ष की आयु में इनका विवाह मेवाड़ के महाराणा संग्रामसिंह प्रथम (सं० १५६६–१५८४) के पाटवी कुँवर भोजराज के साथ हुआ। परन्तु विवाह के दो-तीन वर्ष बाद ही भोजराज की मृत्यु हो गई। इससे इनका मन संसार से उचट गया और ये अपना अधिकांश समय भजन कीर्तन, पूजापाठ एवं सत्संग में व्यतीत करने लगी। धीरे २ इनके सत्संग आदि की कीर्ति चारों ओर फैल गई और भक्त जन इनके दर्शन करने के लिये चित्तौड़ आने लगे। उस समय इनके देवर विक्रमादित्य चित्तौड़ पर राज्य कर रहे थे। मीरा का साधु-समागम आदि उनको पसन्द नहीं आया। और वे उन्हें भाँति-भाँति के कष्ट देने लगे। तंग आकर मीरा चित्तौड़ से मेड़ता चली गई। कुछ दिन वह वहाँ रही। बाद में पुष्कर मथुरा वृन्दावन आदि तीर्थ-स्थानों में होती हुई द्वारिका पहुँची। कहा जाता है कि वहीं सं० १६०३ के आसपास इनका देहावसान हुआ।

मीराबाई के रचे पाँच ग्रंथ बताये जाते हैं— नरसीजी रो माहरो, गीतगोविंद की टीका, सत्यभामाजी नु रूसणू, रागसोरठ और राग गोविंद। परन्तु वास्तव में ये ग्रंथ मीराबाई के बनाये हुए नहीं हैं। मीरा ने केवल फुटकर पद लिखे हैं जिनकी संख्या २००-२५० के लगभग है।

मीराबाई ने राजस्थानी और ब्रजभाषा दोनों में कविता की है। इनके कुछ पद राजस्थानी में और कुछ ब्रजभाषा में हैं। कुछ में दोनों का मेल पाया जाता है।

मीराबाई की रचना में कृष्ण भक्ति की प्रधानता है। उसमें भक्ति और शृंगार दोनों का सुन्दर समन्वय हुआ है। सरल तो वह इतनी है कि अपढ़ लोग भी उसे बहुत आसानी से समझ लेते हैं। अनुभूति की सचाई, सुलझी हुई भावव्यंजना एवं स्त्री-सुलभ कोमलता इनकी कविता की इतर विशेषताएं हैं। इनके दो पद यहाँ दिए जाते हैं —

(१)

आवो दे गुमानी कृष्ण म्हारे घर काम छे॥
थे हो लगर नन्द महर के ब्रज बरसाने म्हारो गाम छे॥१॥
जाना नहीं तो पूछ लीजो श्री राधा म्हारो नाम छे॥२॥
मीरां के प्रभु गिरधर नागर नाम थांको बदनाम छे॥३॥

(२)

पग घुँघरू बाँध मीरां नाची रे॥
मैं तो मेरे नारायण की आप ही हो गई दासी रे॥१॥
लोग कहै मीरां भई बावरी न्यात कहै कुल नासी रे॥२॥
विष का प्याला राणाजी भेज्या पीवत मीरां हाँसी रे॥३॥
मीरां के प्रभु गिरधर नागर सहज मिले अविनासी रे॥४॥

(३) *महाराणा उदयसिंह*—वर्तमान उदयपुर नगर के संस्थापक महाराणा उदयसिंह ने सं० १५९४-१६२८ तक राज्य किया था। ये महाराणा संग्रामसिंह (प्रथम) राणा साँगा के पुत्र थे। इनके शासन समय में चित्तौड़ का तीसरा साका हुआ। ये कविता करते थे। इनके रचे डिंगल भाषा के दो गीत कवि गिरवरदान ने अपने नियमाय-प्रकाश ग्रंथ में उद्धृत किये हैं। ये

गीत प्राचीन लिखित संग्रह-ग्रंथों में भी देखने में आते हैं। एक गीत यहां दिया जाता है —

(१)

कहै पतसाह पता दा कूंची
धर पलटिया न कीजै धोड़ ।
गढ़पत कहै हमें गढ़ म्हारो,
चू डाहरो न दे चीतोड़ ॥

(२)

गोळा नाळ चंगर गाजे
गहै मीर साधीर धणी ।
जग्गा मुन नह दे जीवता,
ताओ लोचन प्रिया तणी ॥

(३)

भटका भाड़ आमडा भारै
रखियो दुरग वर्दै रिम राह ।
ऊभे पते न चल्यो अकबर
पड़ियै पत चल्यो पतसाह ॥

(४)

अकवर नू अड़ चाड राण नू
मुगला मारण कियो मतो ।
उन्यासिंघ राण सम आखै
पतटो धर नस धणी पतो ॥

(४) *महाराणा प्रतापसिंह*—ये महाराणा उदयसिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे। इनका जन्म सं० १५९७ में हुआ। प्राचीन बहियां आदि में इनकी माता का नाम जीवनकुंवर लिखा मिलता है। वह पाली के सोनगरा अखैराज [रणधीरोत] की बेटी थी। सं० १६२८ में जब ये मेवाड़ की गद्दी पर बैठे तब

चित्तौड़ और मेवाड़ के अधिक भाग पर मुगल सम्राट अकबर का आधिपत्य था। अकबर चाहता था कि मेवाड़ पर उसका अधिकार बना रहे और राजस्थान के अन्य राजा महाराजाओं की तरह प्रताप भी उसकी अधीनता स्वीकार करले। परन्तु प्रताप ने यह मंजूर नहीं किया और आयुपर्यन्त अकबर से संघर्ष करते रहे। इस दीर्घकालीन संघर्ष के कारण उनको अनेक कष्ट झेलने पड़े, वन वन भटकना पड़ा और कई बार कन्द मूल खाकर जीवन निर्वाह करना पड़ा। परन्तु अपनी प्रतिज्ञा, अपने ध्येय एवं धर्म को फिर भी न छोड़ा। इतना ही नहीं, चित्तौड़ माण्डलगढ़ आदि दो-चार स्थानों को छोड़कर इन्होंने समूचे मेवाड़ को पुनः अपने अधिकार में कर लिया। इनका देहान्त सं० १६५३ में ५५ वर्ष की आयु में हुआ।

ये डिंगल भाषा में कविता करते थे। इनके निम्नलिखित दोहे राजस्थान में बहुत प्रचलित हैं। ये दोहे इन्होंने बीकानेर के राठौड़ पृथ्वीराज को उनके लिखे एक पत्र के उत्तर में लिखे थे —

तुरक कहासी मुख पतौ इण तन सूं इकलिंग।
ऊगै जांही ऊगसी, प्राची बीच पतंग ॥१॥
खुसी हूंत पीथल कमध, पटको मूंछां पाण।
पछटण है जेते पतौ कलमा सिर केवाण ॥२॥
सांग मूंड सहसी सको समजस जहर सवाद।
भड़ पीथल जीतो भलां बेण तुरक सूं वाद ॥३॥

इन्होंने अपने घोड़े चेटक की स्मृति में एक शोक काव्य [Elegy] भी बनाया था जिसमें १०० कवित्त (छप्पय) थे। इस काव्य की एक हस्त लिखित प्रति 'प्रतापचरित्र' के रचयिता स्व० बारहट केसरीसिंह जी, सोन्याणा, ने कुछ वर्ष पूर्व राजनगर के एक माली के पास देखी थी पर वह हस्तगत नहीं हो सकी।

(५) *महाराणा अमरसिंह*—इनका जन्म सं० १६१६ में हुआ। ये महाराणा प्रताप के पुत्र और महाराणा उदयसिंह के पौत्र थे। इनकी माता का नाम अजबदे था। सं० १६५३ में इनका राज्याभिषेक हुआ। अपने पिता की तरह ये भी बड़े स्वाभिमानी कष्ट-सहिष्णु और स्वातन्त्र्य-प्रेमी पुरुष थे। इन्होंने अपने पिता की नीति का अनुसरण किया और बराबर मुगल सेना से लोहा

लेन रह। अंत में इनके पुत्र कर्णसिंह ने अपने सरदारों के आग्रह पर तत्कालीन मुगल सम्राट जहाँगीर से संधि करली। इससे इनको बड़ी ग्लानि हुई। इन्होंने राजकाज छोड़ दिया और एकांतवास में रहने लगे। इनका देहांत सं० १६७६ में हुआ। इनके साथ इनकी दस रानियां नौ खवासें और नौ सहेलियां सती हुईं। उदयपुर में जिस स्थान पर इनका अग्नि संस्कार हुआ वहाँ इनकी छतरी अभी तक विद्यमान है।

महाराणा अमरसिंह कवि ही नहीं, कवि कोविदों के पृष्ठपोषक भी थे। इनकी आज्ञा से अमरविनोद नामक एक ग्रंथ रचा गया था। यह ग्रंथ मेवाड़ी बोली में है। इसमें हाथियों के विषय की अनेक बातें बताई गई हैं। इसके रचयिता का नाम धन्वंतरि था। वह बालाचार्य का पुत्र और जाति का ब्राह्मण था।

इनकी कविता विशेष नहीं मिलती। केवल दो दोहे मिले हैं। ये दोहे इन्होंने अपने मित्र अब्दुर्रहीम खानखाना को लिख भेजे थे —

गोड़ कछाहा राठवड़ गोखा जोख करंत।
कहजो खानाखान ने बनचर हुआ फिरंत ॥१॥
तवरां सूं दिल्ली गई राठौड़ां कनवज्ज।
अमर पयंपै खान ने वा दिन दीसे अज्ज ॥२॥

इनके उत्तर में खानखाना ने महाराणा को निम्नांकित दोहा लिख भेजा जो राजस्थान में बहुत प्रचलित है —

धर रहसी रहसी धरम खप जासी खुरसाण।
अमर विसंभर ऊपरां राखो नहचो राण ॥

(५) *महाराणा राजसिंह*—इनका जन्म सं० १६८६ में हुआ। ये महाराणा जगतसिंह (प्रथम) के पुत्र थे। इनकी माता का नाम जनादे था। वह मेड़तिया राठौड़ परिवार की थी। बादशाह औरंगजेब ने जब जजिया पुनः प्रचलित किया तब इन्होंने उसका घोर विरोध किया और उसकी इच्छा के विरुद्ध जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह के बालक अजीतसिंह को एवं देवलिया को तथा ... के ... को मेवाड़ में आश्रय दिया। इससे बादशाह की कोपाग्नि प्रज्वलित हो उठी और उसने मेवाड़ पर

चना" क"न्ी । परन्तु यह लडाई उसके लिए महंगी पड़ी। महाराणा की समर पटुता और सैन्य शक्ति के सामने शाही सेना के पाँव उखड़ गए और वह तीन तरह हो गई। यह देखकर बादशाह ने संधि की बात चलाई किन्तु इसी बीच महाराणा का देहान्त हो गया जिससे संधि-वार्ता टूट गई। यह घटना सं० १७३७ में हुई।

महाराणा राजसिंह स्वयं कवि और कवियों के आश्रयदाता थे। इनके समय में संस्कृत का सुप्रसिद्ध राजप्रशस्ति महाकाव्य लिखा गया जो राजसमन्द की पाल पर पच्चीस शिलाओं पर उत्कीर्ण है। यह भारत भर में सबसे बड़ा शिलालेख तथा शिलाओं पर खुदे हुए ग्रंथों में सबसे बड़ा है। इसमें २४ सर्ग हैं और ११०६ श्लोक। यह काव्य कोरा कल्पनाप्रसूत नहीं है। यह इतिहास और साहित्य दोनों दृष्टियों से महत्त्व का है। इसके अतिरिक्त राजरत्नाकर, राजविलास, राजप्रकाश प्रभृति और भी कई ग्रंथ इनके आश्रय में लिखे गये थे। यह समस्त साहित्य उदयपुर के सरस्वती भंडार में सुरक्षित है। महाराणा का बनाया हुआ एक छप्पय यहाँ दिया जाता है —

कहाँ राम कहाँ लखण, नाम रहिया रामायण।
कहाँ कृष्ण बलदेव प्रगट भागवत पुराणण॥
बाल्मीक शुक व्यास कथा कविता न करता।
कुण सरूप सेवता, ध्यान मन कवण धरता॥
जग अमर नाम चाहो जिके, सुणो सजीवण अक्खरा।
राजसी कहे जग राण री पूजा पाव कवीसरा॥

(८) *महाराणा अरिसिंह*—ये महाराणा जगतसिंह (द्वितीय) के पुत्र थे। सं० १८१७ में मेवाड़ की गद्दी पर बैठे। ये क्रुद्ध क्रोधी और तेज स्वभाव के थे। इसलिए अपने सरदार उमरावों से झगड़ा कर बैठे। फलस्वरूप मेवाड़ गृह-कलह का घर बन गया और उसे कई प्रकार की हानियाँ उठानी पड़ीं। महाराणा को शिकार का बड़ा शौक था। एक दिन ये बूंदी के राव अजीतसिंह के साथ जंगल में सूअर की शिकार करने गये। वहाँ अजीतसिंह ने धराधर इनकी छाती में बरछी भोंककर इनको मार डाला। यह घटना सं० १८२९ में हुई।

के बनाय 'इश्कचमन' के उत्तर में 'रसिकचमन' लिखा जिसमें से दो दोहे यहां दिये जाते हैं —

इश्क अथाग अजब है गजब चोट है यार।
तन को तिनके सम गिने, सो ही पावै पार॥
सिर उतार लाहू छिरक, उसही की कर कीच।
आसिक बपर परि रहै उसी कीच के बीच॥*

(८) *महाराणा भीमसिंह*—ये महाराणा अरिसिंह (द्वितीय) के पुत्र थे। इनका जन्म सं. १८२४ में हुआ। इनकी माता का नाम सरदारकुंवरि था। सं. १८३४ में ये मेवाड़ की गद्दी पर बैठे। उस समय इनकी आयु केवल दस वर्ष की थी। इसलिए इनकी माता की देख रेख में शासन प्रबंध होने लगा। इनके समय में मरहठों का जोर जुल्म मेवाड़ में बहुत बढ़ गया था। साथ साथ सिंधिया, होल्कर तथा पिंडारियों ने भी लूट पाट मचाना शुरू कर दिया था। इनके गिरोह दिन दहाड़े प्रजा को लूटते और गांव के गांव जलाकर चले जाते थे। देखते ही देखते मेवाड़ ऊजड़ सा हो गया, महाराणा के खजाने खाली हो गये और लोग मेवाड़ छोड़ कर आसपास के दूसरे राजाओं की शरण में चले गये। विवश होकर महाराणा को अंग्रेज सरकार से सहायता लेनी पड़ी। सं. १८७६ में दोनों के बीच संधि हुई जिसकी दस शर्तें थीं। इस संधि के फलस्वरूप अंग्रेजी सरकार ने मेवाड़ राज्य की रक्षा का भार अपने ऊपर लिया और कर्नल टाड को अपना प्रथम पालिटिकल एजेंट नियुक्त किया। कर्नल टाड बड़े परिश्रमी, कार्यकुशल एवं नीति निपुण व्यक्ति थे। इन्होंने उपद्रवियों का मेवाड़ से नामोनिशान मिटा दिया। सिंधिया की शक्ति टूट गई। होल्कर बुरी तरह परास्त हुआ। मरहठा ने भागकर अपने प्राणों की रक्षा की और पिंडारियों के दल इधर उधर बिखर गये। मेवाड़ के शुभ दिन आये। देश छोड़ कर गये लोग फिर से यहां आ आकर बसने लगे और मेवाड़ की ऊजड़ भूमि पुनः हरी भरी हो गई। थोड़े ही समय में मेवाड़ के ...०० गांव आबाद हो गये। फिर से भीलवाड़ा, जहाजपुर, उदयपुर, चित्तौड़ तथा भीलवाड़ा में तेजी से व्यापार होने लगा। महाराणा भीमसिंह के राज्य-काल की यही प्रमुख घटना है।

---

*रसिक चमन ३।

यहीं से मेवाड़ के इतिहास का नाटिपथ प्रारम्भ होता है। महाराणा का देहान्त सं० १८८५ में हुआ।

महाराणा भीमसिंह बड़े दानी और दयालु राजा थे। ये कवि और इतिहास प्रेमी भी थे। इनके दरबार में कवियों और विद्वानों का खूब आदर होता था। लगभग सं० १८७३ में जब कवि पद्माकर उदयपुर में आये तब इन्होंने उनका स्वर्णपदक और भूषणादि देकर सम्मानित किया था। इनके आश्रय में लिखे गये दो चारण कवियों के दो ग्रंथ मिलते हैं—(१) भीमविलास और (२) भीमप्रकाश। भीमविलास कवि किसनजी आढ़ा की रचना है। भीमप्रकाश का प्रणयन कवि रामदान लालस ने किया था। इस ग्रंथ की एक हस्तलिखित प्रति सूरजमल नागरमल पुस्तकालय कलकत्ता, में है। ये दोनों ग्रंथ डिंगल भाषा के हैं और इतिहास की दृष्टि से परम उपयोगी हैं। इनके द्वारा महाराणा भीमसिंह के इतिवृत्त पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। इनका साहित्यिक मूल्य भी यथेष्ट है। दोनों ही ग्रंथ अभी तक अप्रकाशित हैं।

महाराणा भीमसिंह की कविता का एक उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किया जाता है—

बसिया छे जी नन्दकिसोर
मारे मन बसिया नन्दकिसोर ॥टेक॥
बिन देखे कल नाय परत है, नाय सुहावे कछु और।
दरदवन सफरी ज्यूं तलफत सूझत और न ठौर ॥१॥
दिन नहिं चैन रैण नहिं निद्रा, कल न परत निस भोर।
भीम राण छन छन तन छीजत, बेग मिला जी दौर ॥२॥

(६) कुंवर अमरसिंह—ये महाराणा भीमसिंह के पाटवी कुंवर थे। इनका जन्म सं० १८४२ में और देहान्त सं० १८७५ में हुआ था। जवानसिंह इनके छोटे भाई थे। अपने पिता और भाई के माहात्म्य में ये भी अच्छी कविता करना सीख गये थे। ये प्रायः कवित्त सवैया लिखते थे। उदाहरण—

फागुन नैन नचावत नाचत डोलत लार न छारत मारियाँ।
बीन बजाय अबीर उड़ावत गावत आवत गारियाँ हारियाँ॥
फाग निहारि नये नये मानन नाहिं करो अब जोबन जारियाँ।
गारियों भींट के रंग में बारियाँ काहू दिवानो में गोरियाँ तारियाँ॥

(१०) *महाराणा जवानसिंह*—ये महाराणा भीमसिंह के पुत्र थे। इनका जन्म सं १८५७ में और देहान्त सं १८९५ में हुआ। ये व्रजभाषा के बहुत अच्छे कवि थे। इनकी कविता सरल स्वाभाविक और कर्णमधुर है। कविता में ये अपना नाम व्रजराज लिया करते थे। इन्होंने गेय पद भी यथेष्ट मात्रा में लिखे हैं। इनका पूरा इतिवृत्त श्री महेन्द्र भानावत ने इस ग्रन्थ की भूमिका में दिया है। नमूने के तौर पर इनका एक पद नीचे दिया जाता है —

राग अडाणो

सजनी प्रीतम को बस कर ले ॥टेक॥
बिन अपराध मान नहिं करिये प्रीत रीत सो लर ले।
इहि विधि सो रस बस ह्वै मोहन सीख कहीं चित धर ले।
हुक्म अधीन रहे नित हाजर भुज भर अंक हिं भर ले।
श्रीव्रजराज रिझाय सुहागन तन मन वातू हर ले॥

(११) *महाराणा सरूपसिंह*—इनका जन्म संवत् १८७१ में हुआ था। ये महाराणा सरदारसिंह के छोटे भाई थे। उनकी मृत्यु के पश्चात् संवत् १८९६ में मेवाड़ की गद्दी पर बैठे। इन्होंने १९ वर्ष तक राज्य किया। ये बुद्धिमान न्यायप्रिय और प्रबंधपटु राजा थे। इन्होंने मेवाड़ की शासन-व्यवस्था में अनेक सुधार किये और उसकी आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाया। मेवाड़ में सती प्रथा का अंत इन्हीं के राजत्वकाल में हुआ। इनकी मृत्यु संवत् १९१८ में हुई।

महाराणा सरूपसिंह बहुत पढ़े लिखे नहीं थे पर व्यवहार कुशल थे। इनकी बातचीत का लोगों पर बहुत प्रभाव पड़ता था। इनकी आकृति भव्य थी। इसलिये इनके सामने बोलने की किसी की हिम्मत नहीं होती थी। ये सगुण और साहित्य के प्रेमी थे। साथ ही कवि भी थे। इनका लिखा एक पद यहाँ दिया जाता है—

भैरवी

श्री एकलिंग मन्दिर की झाँकी।
निरखन को आसा नयनां को॥ श्री एकलिंग॥

मथर चिंद्र फुनिंद्र लिपट रह्यो
चितवत कुंडल लोचन छबि वाकी ॥१॥
कंठ गरल रह्यो आभूषित
अरक कनक दल पहुप अदा की ॥२॥
गिरजा गंग गनेस नदीगन
सहित अनूप अनूप सभा की ॥३॥
छवि 'सरूप' बरनी न परत है
बुद्धि वय लगन लिये बिधना की ॥४॥

(१२) *महाराणा शम्भुसिंह*—ये महाराणा स्वरूपसिंह के दत्तक पुत्र थे। इनका जन्म संवत् १९०४ में हुआ था। संवत् १९१८ में इनकी गद्दीनशीनी हुई। उस समय इनकी आयु १४ वर्ष की थी। इसलिए तत्कालीन पोलिटिकल एजेंट मेजर टेलर की अध्यक्षता में रिजेन्सी कौंसिल की स्थापना की गई जिसकी देख रेख में शासन प्रबन्ध होने लगा। बालिग होने पर संवत् १९२२ में इनको शासन के पूरे अधिकार मिले। इन्होंने अंग्रेजी पद्धति पर कानून की कचहरियाँ स्थापित कीं। सड़कें बनने तथा संस्कृत और अंग्रेजी भाषा की पाठशालाएँ एवं अस्पताल खुलने का उत्तम कार्य इनके समय में ही प्रारंभ हुआ। संवत् १९३१ में इन्होंने अपनी सांसारिक लीला समाप्त की।

महाराणा शम्भुसिंह सुधारप्रिय विद्यानुरागी और स्पष्टवक्ता थे। ये हिन्दी-संस्कृत के सुज्ञाता थे और थोड़ी सी अंग्रेजी भी जानते थे। इनको कविता करने का अच्छा अभ्यास था। ये प्रायः पद और सवैया लिखते थे। पदों में ये अपना नाम 'रसिकसनेही' लिखा करते थे। इनकी रचनाएँ सरदारगढ़* के ठाकुर साहब अमरसिंहजी के संग्रह में उपलब्ध हैं।

महाराणा ने अपनी कविता बहुत सीधी सादी भाषा में लिखी है। इनकी कविता मीठी, भावपूर्ण और मार्मिक है। इनके पदों में एक विशेष प्रकार की मादकता है जो अन्यत्र कम देखने में आती है। इनके दो पद और एक सवैया हम यहाँ उद्धृत करते हैं—

---

*सरदारगढ़ ठाकुर साहब के सौजन्य से प्राप्त।

(१)

[illegible] ॥१॥
मोहगुरु[illegible]
[illegible] ॥१॥
[illegible]
[illegible] ॥२॥
[illegible]
[illegible] ॥३॥

(२)

[illegible] राजजी [illegible]
[illegible] राजजी [illegible] ॥१॥
[illegible]
[illegible] ॥१॥
[illegible]
[illegible] ॥२॥
[illegible] राजजी [illegible] ॥

सवैया

जावत देखत हैं जितही जित श्रीरघुबीर सबै गिरधारी।
त्यों प्रह्लाद विभीषण [illegible] उनको पन भारी॥
लायक हो तुम [illegible] पुत्र [illegible] यादि तुम्हारी।
हैं जिनके मन स्यामधनी उन सीस [illegible] हमारी॥

(१३) *महाराणा सज्जनसिंह*—ये बागोर महाराज शक्तिसिंह के पुत्र थे। इनका जन्म सं १९१६ में हुआ। महाराणा शम्भुसिंह की मृत्यु के पश्चात् सं १९३१ में ये मेवाड़ के राजसिंहासन पर आसीन हुए। ये प्रगतिशील विचारों के राजा थे। इन्होंने अनेक लोकोपयोगी कार्य किए और मेवाड़ की शासन-व्यवस्था को सुधारा जिससे प्रजा को बहुत लाभ पहुँचा। इनकी मृत्यु सं १९४१ में हुई।

महाराणा सज्जनसिंह विद्यानुरागी और ज्ञान विज्ञान के उन्नायक थे।

इनके निमन्त्रण पर स्वामी दयानन्द और भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र उदयपुर में आये और रहे थे। विदाई के समय इन्होंने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को सिरोपाव और दस हजार रुपया प्रदान किया। इन्होंने कविराजा श्यामलदास से 'वीरविनोद' नामक इतिहास ग्रन्थ लिखवाया और उस पर एक लाख रुपया खर्च किया। इन्होंने राजमहलों में 'सज्जनवाणी विलास' नामक एक पुस्तकालय स्थापित किया, जिसमें हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थों का अच्छा संग्रह था। यह पुस्तकालय सं० २००० तक रहा। तदनन्तर सरस्वती भंडार में मिला लिया गया। इनके आश्रय में सज्जनप्रकाश, सज्जनविलास, सज्जनविनोद इत्यादि कई ग्रन्थ लिखे गये जिनकी हस्तलिखित प्रतियां उदयपुर के सरस्वती भंडार में सुरक्षित हैं।

महाराणा महेन्द्र कवि और काव्य मर्मज्ञ थे। प्रति सोमवार को इनके महलों में कविसम्मेलन हुआ करता था, जिसमें ये स्वयं भाग लेते थे। ये अपनी कविताएँ सुनाते, दूसरों की सुनते और सराहते थे। इनकी कविताओं का एक संग्रह 'रसिकविनोद' नाम से प्रकाशित हुआ है। उसमें से एक कविता यहां उद्धृत की जाती है—

निकट नित रहत बहुत मतवार।
मधु ऋतु में मधुकर मन मोहित पद्म प्रसून पसार।
चल चल त्रिविध समीर बहै दिन ताप त्रिविध कू टारे ॥१॥
विपिन बहार अपार बनावें किंसुक सुम रतनारे।
चैत्र चंद्रिका चारु चकोरन हिय की हरत हमारे ॥२॥
पाय प्रभात गुलाब कलिन के कान परत चटकार।
वारि मकुन विथुरे पवन पर वारिज छवि विस्तार ॥३॥
कोकिल डार रसाल कुहूके पुष्प पराग पसारे।
रसिकसनेही यह ऋतु राजा तुम राजन रजियारे ॥४॥

(२८) महाराज चतुरसिंह—महाराणा संग्रामसिंह (द्वितीय) के चार पुत्र थे—जगतसिंह, नाथसिंह, बाघसिंह और अर्जुनसिंह। ज्येष्ठ पुत्र होने से संग्रामसिंह के बाद जगतसिंह मेवाड़ की गद्दी पर बैठे और शेष तीन भाइयों को क्रमशः बागोर, करजाली एवं शिवरती जागीरें में प्राप्त हुईं और महाराज की उपाधि मिली। महाराज चतुरसिंह करजाली के स्वामी महाराज बाघसिंह से छठी पीढ़ी में हुए थे। इनका जन्म सं० १९३७ में हुआ। इनके

[illegible] मुरलीधर और [illegible] था। [illegible] —
[illegible] और चतुरसिंह। इनमें चतुरसिंह सबसे [illegible]।

इनका विवाह [illegible] हुआ। परन्तु [illegible] इनको बहुत [illegible] हुआ। इसके [illegible] दूसरा विवाह करने का [illegible] [illegible] तुलसीदास और [illegible]

इनका [illegible] सं० १९८६ में [illegible] की उम्र में [illegible] हुआ। [illegible] राजस्थानी [illegible] और [illegible] विभिन्न [illegible] १६ [illegible] जिनके नाम इस प्रकार हैं —

(१) भगवद्गीता की गंगाजली टीका (२) परमार्थ विचार (३) योगसूत्र की टीका (४) सांख्य तत्त्व समास की टीका (५) सांख्यकारिका की टीका (६) मानवमित्र रामचरित्र (७) [illegible] (८) अलखपच्चीसी (९) तूँ ही अष्टक (१०) अनुभवप्रकाश (११) चतुर्चिन्तामणि (१२) महिम्नस्तोत्र (१३) चन्द्रशेखराष्टक (१४) हनुमत्पंचक (१५) समानबत्तीसी और (१६) चतुरप्रकाश।

महाराज चतुरसिंह ने अधिकतर मेवाड़ी बोली में लिखा है। ये भक्त कवि और विचारक थे। इनके व्यक्तित्व की ये विशेषताएँ इनकी कविता में प्रतिबिम्बित हैं। इन्होंने सरल भावपूर्ण और मार्मिक कविता की है। एक विशेष बात उसमें यह है कि सरल व सजीव एवं प्रभावोत्पादक होने के अतिरिक्त वह सद्भावना से ओतप्रोत है और मनुष्य को उच्च भावनों की ओर ले जाती है।

इनकी कविता के कुछ नमूने यहाँ दिये जाते हैं—

(१)

जननी अब दरसण वेग दीजो।
पूरण पतित जाण पाळोगा माता फेर दरस वेग दीजो॥

घर म बध्या अजाण बाळक ईनै वद सुमराणा ।
दयादृष्टि सू दख अणोनै, वद मोळा म लोगा ॥१॥
माथे हाथ फेर मोरा पे, वद बोळरहा मा गा ।
इ कपूत न कवदा नैं भी गुण ही आप गणोगा ॥२॥
मा सा वरै कपूत चाकरी, तो भी नी विसराणा ।
या निप माया टगा करै पण, आप अमरफळ दोगा ॥३॥
या माहा आडो दीहे पण, ल कैनास चढ़ागा ।
आनन्दी नवर गोदी म आर हीज मनाणा ॥४॥

(२)

घड़ी घड़ी निरखै घड़ी बगी काम की चाह ।
बहे घड़ी ता पा म्हड़ो मुधि आवे की नाह ॥१॥
नै धरणा म मनभ तनु है हरिणी हार लीन ।
धतरणी म नरण की नै मरणी नहि कीन ॥२॥
गाम गावरे नाम म, यह मनाखी बान ।
दा मून आगर तक सागर पार न मान ॥३॥
रहट फरे नरमो फरे, पण फरवा मैं फेर ।
या ता याद हरया करै बा छूता ना ढेर ॥४॥
चाप जतगी छानजे, वर मन हो वाद ।
मन्दर रा म्हारा बगो, करजे मती कमाद ॥५॥

(१५) घडथर कँरि—यह मचरोन क ठाकुर स्वर्गीय बगरोसिहजी की पुत्री है। इनका जन्म स० १९५३ म और विवाह स्व० महाराणा भूपाल सिंहजी के साथ स० १९६७ म हुआ। यह सरल स्वभाव की धर्मनिष्ठ महिला है और अपना अधिक समय पूजा-पाठ एव धर्म चर्चा मे व्यतीत करती है। हिन्दू धर्म क प्रति इनकी बड़ा आस्था है। इन्होंने पणिहारी जला, अमर भक्ति की तर्ज पर ६५ गीत लिखे हैं जिनका सग्रह 'श्रीमाताजी रा गीत व श्री जी हुजूर की भावना' के नाम म प्रकाशित हुआ है। य गीत मराठी बानी मे है। इनमें अम्बिका, बावरी माता, गणगौर आदि की गाथा व महिमा का वर्णन किया गया है। इनमें स कुछ क सामाजिक रहाट भी उभर गये है। य गीत इनक हृदय क स्वभाविक उद्गार है। इनमें स्वरमाधुर्य पाया जाता है। नमूना इस प्रकार—

भजन [illegible] गाइजे रा

[[illegible]]

[illegible] ॥[illegible]॥

[illegible] ॥गनगोरी॥

[illegible] (आवर) [illegible] ॥गनगोरी॥

[illegible] म्हारा सर्वनिगराय [illegible] ॥गनगोरी॥

[illegible] म्हारा सर्वनिगराय [illegible] भाम—[illegible] ॥गनगोरी॥

[illegible] हार (आदर) लिखा बीच [illegible] । म्हारा सर्वनिगराय म्हारा [illegible] ॥गनगोरी॥

[illegible] उमा रानी राय श्री [illegible] आदरा भारी ह्रा । म्हारा सर्वनिगनाथ म्हारा [illegible] मवाहराय नैं अमर-अटल [illegible] ॥ [illegible]॥

[illegible] कभी चावर राबावत [illegible] लाग आदर पीवा [illegible] । म्हारा सर्वनिगनाथ म्हारा [illegible] चावर रा चूड़ो [illegible] अमर अटल करजो जा हो ॥गनगोरी॥

प्रस्तुत ग्रंथ महाराणा जवानसिंह उपनाम व्रजराज की फुटकर रचनाओं का संग्रह है। सरस्वती भण्डार उदयपुर के हस्तलिखित ग्रंथों के सूचीपत्र में इसके लिए 'व्रजराज पदावली' नाम मिलता है। परन्तु श्री महेन्द्र भानावत ने इसका 'व्रजराज काव्य माधुरी' नाम रखा है जो अधिक उपयुक्त और सार्थक है। इसका सम्पादन श्री भानावत ने मुख्यतः चार हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर किया है जिनका विवरण उन्होंने अपनी

भूमिका में किया है। लेकिन इनके अलावा भी इस ग्रंथ की कुछ हस्तलिखित प्रतियां इनके स्थान में आई हैं तथा 'ब्रजराज' की छाप के कुछ फुटकर पद्य भी इधर उधर हस्तलिखित संग्रह ग्रंथों में बिखरे मिलते हैं। परन्तु वे सब प्रक्षिप्त हैं। इसलिए श्री मानावत ने उनको जान-बूझकर छोड़ दिया है। यह उचित ही हुआ है। क्योंकि प्रामाणिक सामग्री में संदिग्ध सामग्री को मिलाना कभी हितकर सिद्ध नहीं होता। इससे आगे जाकर अनेक उलझनें पैदा हो जाती हैं जैसा कि मीराबाई के पदों के सम्बन्ध में हुआ है। मीराबाई के पदों के अनेक संग्रह अद्यावधि प्रकाशित हुए हैं। किन्तु उनसे यह भी पता नहीं लगता कि उनमें कौन से पद वास्तव में मीराबाई के हैं और कौन से नहीं हैं। यही हाल बिहारी-सतसई के दोहों का भी हुआ है।

ब्रजराज-काव्य माधुरी में कुल २८६ पद्य हैं जिनको तीन भागों में विभक्त किया गया है—(१) विनय माधुरी (२) शृंगार माधुरी और (३) पद माधुरी। यह विभाजन श्री मानावत का अपना है। हस्तलिखित पोथियों में इस तरह का विभाजन नहीं मिलता। ग्रंथ के प्रारम्भ में भूमिका है जिसमें महाराणा जवानसिंह के व्यक्तिगत जीवन, उनकी काव्य-प्रतिभा आदि पर प्रकाश डाला गया है। अन्त में तीन परिशिष्ट हैं। इनमें इतिहास व साहित्य विषयक बहुत उपयोगी सामग्री का समावेश हुआ है।

श्री मानावत द्वारा सम्पादित इस ग्रंथ की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें 'ब्रजराज' की भाषा के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा गया है। उदाहरण के लिए अधिकरण कारक के परसर्ग को लीजिए। स्वयं निव ब्रजराज ने 'मैं' 'मे' और 'म' का प्रयोग किया है। कहीं-कहीं तो एक ही छन्द में ये तीनों रूप साथ में आए हैं। परन्तु श्री मानावत ने इनको ज्यों का त्यों रहने दिया है। भाषा को एकरूपता (uniform) बनाने के लोभ में इनको कहीं बदला नहीं है। इससे ब्रजराज की भाषा का असली स्वरूप निखर आया है।

श्री महेन्द्र मानावत ने अभी तक केवल साहित्यिक लेख लिखे हैं जिनकी संख्या २०० से ऊपर है। ये लेख हिन्दी की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुये हैं। परन्तु ग्रन्थ सम्पादन की दिशा में यह इनका प्रथम प्रयास है और एक सफल प्रयास है। इनके इस सम्पादन कार्य में हमारे विभाग के श्री कृष्णचन्द्र शास्त्री ने इनकी बहुत सहायता की है। भूमिका के लिए सामग्री जुटाने में, कवि परिचय लिखने में, पाठ निर्णय में, परिशिष्ट

भजन एकलिंगनाथ रो

[राग जलारे म्हैंता राज रा डेरा निरखण आई हो]

सम्भूजी म्हैं तो राज रा दरसण कर सुख पाऊ हो। म्हारा एकलिंग नाथ म्हारा सभूनाथ दरसण करता पूरण भई सब आसा हो ।।सम्भूजी०।।टर।।

सम्भूजी राणी रायबी ने अमर अटल कर दीजो हो। म्हारा एकलिंग नाथ म्हारा सम्भूनाथ पावडे पावडे साय आप ही कर दीजो हो ।। सम्भूजी०।।

सम्भूजी हीरा री जलेरी (महाराणा) भोपालसिंग सा भट कराई हो। म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सम्भूनाथ अन्नदाता न अमर-अटल कर दीजो हो ।।सम्भूजी०।।

सम्भूजी हीरा रा नाग री सोभा बरणी न जावे हो। म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सम्भूनाथ बीलपत्तर आपरे सीस जटा मे साव हो ।। सम्भूजी०।।

सम्भूजी काना नै कुण्डल वेसर री छब भारी हे। म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सम्भूनाथ ललवट टीको भाल—च द ज्यू झलकै हो ।।सम्भूजी०।।

सम्भूजी हीरा रा हार (आपरे) हिरदा बीच हद सोवे हो। म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सम्भूनाथ कठसरो री साभा बरणी न जाव हो ।।सम्भूजी०।।

सम्भूजी ऊभा राणी राय जी सेवा करावे आपरी भारी हो । म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सभूनाथ मेवाडनाथ नैं अमर अटल कर दीजो हो ।। सभूजी०।।

सम्भूजी ऊभी चाकर राजावत लुळ लुळ लागे आपर पांवा हो । म्हारा एकलिंगनाथ म्हारा सम्भूनाथ चाकर रो चूडो चू दड अमर अटल करदी जो हो ।।सम्भूजी०।।

प्रस्तुत ग्र थ महाराणा जवानसिंह उपनाम व्रजराज की फुटकर रचनाओं का सग्रह है। सरस्वती भण्डार उदयपुर क हस्तलिखित ग्र थो के सूचीपत्र म इसक लिए वृजराज पदावली नाम मिलता है। परन्तु श्री महेन्द्र भानावत ने इसका व्रजराज काव्य माधुरी नाम रखा है जो अधिक उपयुक्त और साथक है। इसका सम्पादन श्री भानावत ने मुख्यत चार हस्त लिखित प्रतियो के आधार पर किया है जिनका विवरण इन्होंने अपनी

भूमिका में दिया है। लेकिन इनके अलावा भी इस ग्रंथ की कुछ हस्तलिखित प्रतियाँ इनके देखने में आई हैं तथा 'व्रजराज' की छाप के कुछ फुटकर पद्य भी इधर उधर हस्तलिखित संग्रह ग्रंथों में बिखरे मिलते हैं। परन्तु वे सब प्रक्षिप्त हैं। इसलिए श्री भानावत ने उनको जान-बूझकर छोड़ दिया है। यह उचित ही हुआ है। क्योंकि प्रामाणिक सामग्री में सन्दिग्ध सामग्री का मिलाना कभी हितकर सिद्ध नहीं होता। इससे आगे जाकर अनेक उलझनें पैदा हो जाती हैं जैसा कि भागवतरसिक के पदों के सम्बन्ध में हुआ है। मीराबाई के पदों के अनेक संग्रह अद्यावधि प्रकाशित हुए हैं। किन्तु उनसे यह भी पता नहीं लगता कि उनमें कौन से पद वास्तव में मीराबाई के हैं और कौन से नहीं हैं। यही हाल बिहारी-सतसई के दोहों का भी हुआ है।

व्रजराज-काव्य माधुरी में कुल २९६ पद्य हैं जिनको तीन भागों में विभक्त किया गया है—(१) विनय माधुरी (२) शृंगार माधुरी और (३) पद माधुरी। यह विभाजन श्री भानावत का अपना है। हस्तलिखित पोथियों में इस तरह का विभाजन नहीं मिलता। ग्रंथ के प्रारम्भ में भूमिका है जिसमें महाराजा जवानसिंह के व्यक्तिगत जीवन, उनकी काव्य प्रतिभा आदि पर प्रकाश डाला गया है। अन्त में तीन परिशिष्ट हैं। इनमें इतिहास व साहित्य विषयक बहुत उपयोगी सामग्री का समावेश हुआ है।

श्री भानावत द्वारा सम्पादित इस ग्रंथ की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें व्रजराज की भाषा के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा गया है। उदाहरण के लिए अधिकरण कारक के परसर्ग को लीजिए। इसके लिए 'व्रजराज' ने 'में' 'मैं' और 'मे' का प्रयोग किया है। कहीं-कहीं तो एक ही छंद में ये तीनों रूप [illegible] में आते हैं। परन्तु श्री भानावत ने इनको ज्यों का त्यों ग्रहण किया है। भाषा को एकरूपता (uniform) देने के लोभ में इनको कहीं बदला नहीं है। इससे 'व्रजराज' की भाषा का असली स्वरूप निखर आया है।

श्री महेन्द्र भानावत ने अभी तक केवल साहित्यिक लेख लिखे हैं जिनकी संख्या २०० से ऊपर है। ये सब हिन्दी की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। परन्तु ग्रंथ सम्पादन की दिशा में यह इनका प्रथम प्रयास है, और सफल प्रयास है। इनके इस सम्पादन कार्य में हिन्दी विभाग के श्री कृष्णचन्द्र शास्त्री ने इनको बहुत सहायता की है। ग्रन्थ के लिए सामग्री जुटाने में, कवि परिचय लिखने में, पाठ-निर्णय में, परिशिष्ट

तैयार करने में श्री मानावत को इनका बराबर सहयोग रहा है। इसलिए इस पुस्तक में जो भी अच्छाइयाँ हैं उनका श्रेय श्री ज्ञानचन्द्र को भी उतना ही है जितना श्री मानावत का है। इसकी प्रेस कापी श्री नन्दकिशोर पल्लीवाल ने तैयार की है। अतः वे भी धन्यवाद के पात्र हैं।

पुस्तक के परिशिष्ट ३ में उद्धृत महाराणा अरिसिंह कृत रसकचमन हमें रावत श्री हिम्मतसिंहजी साहित्यरंजन भैंसरोडगढ़ से प्राप्त हुआ है। रसिकचमन साहित्य की एक छोटी पर मार्मिक रचना है। यह अब तक अप्रकाशित थी। इसको देखने के लिए कविता प्रेमी पाठक बहुत लालायित थे। श्री हिम्मतसिंहजी की सुकृपा से उनकी यह लालसा पूरी हुई है। रावतजी बड़े विद्यानुरागी इतिहासवेत्ता और मजे हुए कवि हैं। इनको ग्रन्थ लिखने की धुन है। इनका लिखा सती पद्मावती महाकाव्य हिन्दी साहित्य की एक अनमोल कृति है। हम रावतजी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

भूतपूर्व मेवाड़ राज्य का 'सरस्वती भण्डार' भारतवर्ष का प्राचीनतम पुस्तकालय है। इसमें संस्कृत हिन्दी डिंगल इत्यादि की पुस्तकों का एक छोटा पर अलभ्य संग्रह है। इस समय यह राजकीय राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर के अधीन है। प्रतिष्ठान के संचालक महोदय ने हम को 'ब्रजराज काव्य माधुरी' की हस्तलिखित प्रतियों के अध्ययन का मौका दिया जिसके लिए हम उनके आभारी हैं।

इस पुस्तक के प्रकाशन का समस्त व्यय श्रीमान् महाराणा श्री भगवतसिंहजी साहब ने प्रदान किया है। इस महती कृपा के लिए हम उनके बहुत कृतज्ञ हैं। महाराणा साहब साहित्य इतिहास संगीत आदि विषयों के परम प्रेमी और पुष्टपोषक हैं। आशा है वे भविष्य में भी हमारी इसी प्रकार सहायता करते रहेंगे।

मोतीलाल मेनारिया
संचालक
साहित्य संस्थान राजस्थान विद्यापीठ
उदयपुर (राजस्थान)

उदयपुर राजस्थान



महाराणा जवानसिंह "व्रजराज"
[सं० १८८५-९५]

भूमिका

कवि-परिचय

महाराणा जवानसिंह का जन्म सं० १८५७ मार्गशीर्ष शुक्ल तृतीया को हुआ[1]। ये महाराणा भीमसिंह के पुत्र थे। इनके बड़े भाई का नाम अमरसिंह था। उनका देहान्त महाराणा की विद्यमानता में ही हो गया था[2]। इसलिये महाराणा भीमसिंह की मृत्यु के बाद जवानसिंह मेवाड़ की गद्दी पर बैठे। इनकी माता का नाम गुलाबकुंवरि था[3]। वह चावड़ा राणा के जसवंतसिंह की बेटी थी[4]। इतिहास प्रसिद्ध कृष्णकुंवर (कृष्णकुमारी) इनकी बहिन थी।

सं० १८८५ में इनका राज्याभिषेक हुआ[5]। इस अवसर पर अंगरेजी सरकार की ओर से मेवाड़ के तत्कालीन पालिटिकल एजेंट कप्तान कॉब टीका लेकर उपस्थित हुए, जिसका दस्तूर राज-दरबार के विशेष आयोजन के साथ किया गया। इस टीके में हाथी, घोड़े, तलवार, ढाल, सिरोपाव, मोतियों की माला तथा सरपेच जैसी अनेक बहुमूल्य वस्तुएं थीं। महाराणा ने भी कप्तान कॉब को यथोचित सम्मान देकर विदा किया[6]।

महाराणा जवानसिंह शासन प्रबन्ध में अधिक कुशल नहीं थे। इसलिये इनके राज्यकाल में मेवाड़ राज्य को बहुत बड़े अर्थ-संकट से गुजरना

---

१ ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, दूसरी जिल्द, पृष्ठ ७२१
२ कविराजा श्यामलदास, वीरविनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ १७४५
३ मेवाड़ के राणाओं की राणियों और कुंवरों का हाल (हस्तलिखित) पत्र ८
४ वही, पत्र ८
५ ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, दूसरी जिल्द, पृष्ठ ७२१
६ कविराजा श्यामलदास, वीरविनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ १७८१

पड़ा। एक ओर तो शासन-यंत्र बन्द गया और दूसरी ओर राज्य का आय मे भारी कमी हो गई। इसमें अंगरेजी सरकार के खिराज आदि के सात लाख रुपये चढ़ गये। उस समय महता रामसिंह प्रधान पद पर था जो महाराणा भीमसिंह के समय से चला आ रहा था। शासन की व्यवस्था भली प्रकार न संभल सकने के कारण महाराणा जवानसिंह ने उसको प्रधान पद से हटा दिया और उसके स्थान पर महता शेरसिंह को नियुक्त किया।

शेरसिंह सच्चा और ईमानदार व्यक्ति था। परंतु प्रबन्ध-प्रबन्ध की दृष्टि से वह भी असफल रहा। इसलिये महाराणा ने महता रामसिंह को फिर से प्रधान बनाया। इस बार रामसिंह ने कप्तान काब की सहायता से ऋण का कुछ अंश अंगरेजी सरकार से माफ करवाया और जनता से दंड आदि के रूप में बहुत बड़ा राशि एकत्र कर रियासत को ऋण से मुक्त कराया। इस कार्य से रामसिंह को पर्याप्त यश मिला। इससे अनेक राजदरबारी लोग उससे ईर्ष्या करने लगे। परन्तु कप्तान काब जब तक मेवाड़ में बना रहा वे लोग महता रामसिंह का कुछ न बिगाड़ सके। क्योंकि काब उसका प्रमुख पृष्ठपोषक था। किंतु कप्तान काब के यहां से विलायत चले जाने पर महाराणा ने महता रामसिंह को हटा कर पुनः शेरसिंह को उसकी जगह नियुक्त किया। इस प्रकार के परिवर्तन प्रायः होते रहे जिससे महाराणा के शासन प्रबंध में स्थिरता नहीं आ पाई[७]।

महाराणा ने अपने जीवन-काल में तीन यात्राएं कीं। इन की पहली यात्रा प्रसिद्ध तीर्थ गया की थी। इस यात्रा का उद्देश्य महाराणा का अपने पिता भीमसिंह का श्राद्ध करना था। यह यात्रा सं० १८९० में हुई। मार्ग में वृन्दावन, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग आदि स्थानों पर इनका बड़ा सम्मान हुआ। लखनऊ के नवाब नासिरुद्दीन हैदर तथा कोटा के महाराव रामसिंह ने इनकी बड़ी आवभगत की। इस यात्रा में अंगरेजी सरकार की ओर से भी इनका अच्छा सत्कार हुआ। गया से लौटते समय महाराणा कुछ दिन रीवां ठहरे। वहां महाराज जयसिंह देव ने अपने छोटे कुंवर लक्ष्मणसिंह की पुत्री अजबकुंवरि इन्हें विवाह में दी[८]। इनकी दूसरी यात्रा अजमेर की

---

७ ओझा उदयपुर राज्य का इतिहास, दूसरी जिल्द, पृष्ठ ७२४-७२७

८ मेवाड़ के राजाओं की राणियां और कुंवरों का हाल (हस्तलिखित) पत्र ६

थी जो गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक से मिलने के लिए की गई। अन्तिम यात्रा आबू की सं० १८९३ फाल्गुन शुक्ल एकादशी को पूरी हुई।

महाराणा जवानसिंह ने उदयपुर में पीछोला तालाब के तट पर जल निवास नामक महल और बाड़ी के मगरे में महाकालिका का मंदिर बनवाया[९]। इन्होंने दो-एक बाग भी बनवाये। इनके अलावा इन्होंने नीचे लिखे तीन मन्दिरों का निर्माण करवाया—(१) जवानस्वरूपेश्वर का मन्दिर (२) जगतशिरोमणि का मन्दिर तथा (३) जवानसूरजबिहारी का मंदिर।

(१) जवानस्वरूपेश्वर का मंदिर

यह मंदिर राजमहल के मुख्य द्वार, बड़ी पोल से कोई पचास फीट की दूरी पर सड़क के किनारे पर है। इसका द्वार पश्चिम में खुलता है। यह महादेव का मंदिर है। निज मंदिर के सामने की ताक में महाराणा जवानसिंह की संगमरमर की प्रतिमा है। उनकी गोद में बाईं ओर उनकी बाघेली रानी बैठी हुई है। शिवलिङ्ग की पूजा के साथ-साथ महाराणा की इस प्रतिमा की भी विधिवत् पूजा की जाती है। सभा मंडप में नंदी की मूर्ति है। यहीं दाईं ओर की दीवार के कोने में एक प्रशस्ति लगी हुई है। इस के अनुसार महाराणा जवानसिंह ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। परन्तु उनके अधिक जीवित न रहने के कारण वे इसकी प्रतिष्ठा नहीं करवा सके। उनके बाद महाराणा सरदारसिंह मेवाड़ की गद्दी पर बैठे। वे भी बहुत कम समय तक राज्य कर पाये। इसलिए उनके बाद महाराणा स्वरूपसिंह ने सं० १९०० वैशाख शुक्ल षष्ठी गुरुवार को इसकी प्रतिष्ठा करवाई[१०]।

(२) जगतशिरोमणि का मन्दिर

यह मन्दिर जवानस्वरूपेश्वर के मंदिर के सामने है। इसका द्वार पूर्व की ओर है। यह संगमरमर का बना सुन्दर मंदिर है। इसकी बनावट कलापूर्ण और आकर्षक है। इसके बाहरी भाग पर नीचे से लेकर शिखर तक अनेक छोटी-बड़ी विभिन्न प्रकार की मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। इन मूर्तियों में

---

९. कविराजा श्यामलदास : वीरविनोद, प्रथम भाग, पृष्ठ ११३

१०. देखिए परिशिष्ट संख्या १।

विष्णु और शिव की प्रतिमाओं के अतिरिक्त हाथी घोडे नर्तकिया योद्धा आदि मुख्य है । यह मदिर पुष्टिमार्ग का है। इसमे राधा-कृष्ण की मूर्तिया प्रतिष्ठित है। इस मदिर मे एक प्रशस्ति भी लगी हुई है जो दो शिलाओं मे पूरी हुई है । इस प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इसका निर्माण महाराणी बाघेली द्वारा हरि-अर्पण किये गये निजी धन से महाराणा जवानसिंह ने करवाया था । इसकी प्रतिष्ठा महाराणा स्वरूपसिंह ने स० १९०४ वैशाख शुक्ल द्वादशी रविवार के दिन करवाई थी[११]।

(३) जवानसूरजविहारी का मदिर

यह मदिर जगदीश चौक से गणगोर घाट जाने वाली सडक के बाई ओर है । इस मदिर पर नाना प्रकार की मूर्तिया खुदी हुई हैं। इस बाकडे-बिहारी का मदिर भी कहते है । ऐसा कहा जाता है कि महाराणा जवानसिंह ने इसे अपनी राणी सूरजकु वरि के लिये बनवाया था । इसमे राधा-कृष्ण की युगल-मूर्ति है एव बाके बिहारी के रूप मे श्री कृष्ण बासुरी बजाते हुए दिखाये गये हैं। जगतशिरोमणि के मदिर की प्रतिष्ठा के साथ इसकी प्रतिष्ठा भी महाराणा स्वरूपसिंह ने करवाई थी —

अस्मिन्नह्नि जगच्छिरोमणिरसौ सतुब हृन्नामका
रिगत्माग रसेतुरद्भुततरो मिष्टप्रभूता धर ।
तुर्य्योयत्र युवानसूरजविहारी चैव राधावर
सर्वे पामभिजि मुहूर्तसमये दि या प्रतिष्ठाह्यभूत् ॥

—जगतशिरोमणि के मन्दिर की प्रशस्ति, श्लोक ८८

उपयु क्त तीनो मदिर शिखरबध हैं। ये इस समय राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की देख रेख मे हैं। इनकी प्रबध व्यवस्था अच्छी है।

महाराणा जवानसिंह का देहावसान स० १८९५ भाद्रपद शुक्ल दशमी बृहस्पतिवार को उदयपुर मे हुआ[१२]। स्वर्गीय मुशी देवी प्रसाद ने इनकी मृत्यु का कारण बागोर के महाराज सरदारसिंह द्वारा विष देना माना

है[१३]। परन्तु कविराजा श्यामलदास का मत इसके विपरीत है। उन्होंने महाराणा की मृत्यु का कारण सिर की पीड़ा बताई है[१४]। कविराजा श्यामलदास के इस मत की पुष्टि स्व० डा० गौरीशंकर-हीराचंद ओझा ने भी की है[१५]। इनके सात रानियां थीं। इनमें से महाराणी बड़ी भटियाणी और महाराणी बाघेली इनके साथ सती हुईं[१६]। उदयपुर में जिस स्थान पर इन की दाह-क्रिया हुई वहां एक छतरी अभी तक विद्यमान है।

महाराणा जवानसिंह बड़े हँसमुख, मृदुभाषी एव उदार प्रकृति के नरेश थे। ये कवियों और विद्वानों का अच्छा सम्मान करते थे। इनके समय में कवि बखतराम आसिया ने 'कीरतप्रकाश' नामक ग्रन्थ रचा जिसमें इनका जीवन-चरित वर्णित है। यह ग्रन्थ डिंगल भाषा में है और अभी तक अप्रकाशित है। इसकी एक हस्तलिखित प्रति कवि बखतराम के वंशजों के पास पदूड़ गांव में बताई जाती है। इसके अलावा महाराणा स्वयं भी उत्तम कोटि के कवि थे। कविता में ये अपना नाम 'ब्रजराज' लिखते थे।

ब्रजराज-काव्य माधुरी

महाराणा जवानसिंह ने क्रमबद्ध ग्रन्थ कोई नहीं लिखा। केवल फुटकर कविता की है। कविता करने का श्रीगणेश इन्होंने पद-रचना से किया था। इनका लिखा पहला पद यह है —

कमरियो कुंवर मिजमान छक रसभीनो साही।
आनन्द घर सब साज बनायो अतर अरगजा धर पान छै।
गिरधर श्याम सुजान रसीलो नन्द महर को लाल छै।
श्री ब्रजराज किसोर मनोहर आनन्द को प्रान छै[१७]।

यह पद सं० १८८२ फाल्गुन कृष्णा ४ रविवार को लिखा गया था।

---

१३ मुंशी देवीप्रसाद, राजरसनामृत, पृष्ठ १८
१४ कविराजा श्यामलदास, वीरविनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ १८०३
१५ ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, दूसरी जिल्द, पृष्ठ ७१२
१६ कविराजा श्यामलदास, वीरविनोद, द्वितीय भाग, पृ० १८०८
१७ ब्रजराज-काव्य माधुरी, पद माधुरी, पद १

इसी वर्ष की चैत कृष्णा ७ शनिवार को इन्होंने दूसरा पद लिखा जो इस प्रकार है —

राधजी म्हारा मन बस कीनो हो
हो जी म्हारो प्रान री प्यारा राधे।
रूप अनुपम सुन्दर अन हो जग रंग भीनो हो।
श्री व्रजराज सुजान सनेही ज्चन अधीनो हो[18]।

संवत् १८८ वैशाख शुक्ल ७ गुरुवार के दिन से महाराणा ने किशनजी आढा से कविप्रिया पढ़ना आरम्भ किया और ज्येष्ठ शुक्ल ६ सोमवार से ये कवित्त दूहा आदि छन्दोबद्ध रचना करने लगे। इनका लिखा पहला कवित्त निम्न है —

कमल नरायन गरुड़ध्वज कृपानिधि,
माहन मुरारी चक्रधारी सुधि कीजियें।
द्रोपदी को राखी लाज गज को उबार लियो
त्योंही मेरा दीनानाथ हाथ गहि लीजियें॥
ध्रुव को बताय ध्यान ध्यान में लगाय लीयो
मेती बात करो ग्रती जग में पतीजियें।
करुनानिधान स्याम सुनिये अनाथबंधु,
विरद पिछान मोको भक्तिदान दीजियें॥[19]

इसके बाद इन्होंने नाथ लिखा दोहा बनाया और फिर तो ये बराबर दोहा कवित्त सवैया आदि लिखने लगे।

खंजन से अंग मीन से राधे तेरे नैन।
लागत हो मो मन विषै प्रगट करत हैं मैन॥[20]

महाराणा कविता लिख लिख कर अपने पुरोहित शिवदानजी, मानीचंद

---

१८ व्रजराज-काव्य माधुरी पद माधुरी, पद १
१९ वही विनय माधुरी पद १३
२० वही शृंगार माधुरी पद १४

जो सामर भट्ट गुरुगनाथजी, जोशी नन्दजी, नाथूजी भट्टमेवाड़ा, नंदरामजी पारोरी चन्द्रदेवरजी गारवान माहजी होल्या, ठाकुर जोरावरसिंहजी इत्यादि मुसाहिबों के द्वारा किशनजी आदि के पास पहुँचवाते थे जो इनकी प्रतिलिपियां तैयार करते थे।[21]

भाषा

राजस्थान में शुद्ध ब्रजभाषा को 'ब्रजभाषा' और राजस्थानी से प्रभावित ब्रजभाषा को 'पिंगल' कहते हैं। ब्रजराज ने इन दोनों प्रकार की भाषाओं का प्रयोग किया है। इनकी 'विनय माधुरी' और 'शृंगार माधुरी' की भाषा ब्रजभाषा है जो सीधी-सादी होने के साथ साथ बड़ी मधुर भी है। इसमें अनुप्रास की छटा खूब दिखाई पड़ती है। इन्होंने अनेक स्थानों पर बोलचाल के ढंग को निभाया है। इसलिए इनकी भाषा सर्वत्र भावानुगामिनी बन सकी है।

उदाहरण—

> मोहन सों कबहूँ सजनी सपनें हिय में कछु मान न कीजै।
> नैनन सौं मन सौं मन सौं वह रूप निहारत ही नित रीजै॥
> ब्रज हि ब्रजराज कहैं मन भावन या जग में जस वास सु लीजै।
> पावस स्याम सुजान हि सौं भुज भेंट अली अधरा रस पीजै॥[22]

और भी—

> जा दिन तैं बिछुरे तुम स्याम सु ता दिन तैं तन रोग भयौ है।
> खान रु पान बिसार दयौ निय आंखिन मैं जिय आय रह्यौ है॥
> पावत नाहिं रमा जन सौं अति अंग अनंग मरोर लयौ है।
> वा ससी न बिलंब करो अब दुःख को सब नेह नयो है॥[23]

---

21 ब्रजराज काव्य माधुरी की सरस्वती भण्डार, उदयपुर की हस्तलिखित प्रति सं० ३९६ पत्र १८–२३

22 ब्रजराज-काव्य-माधुरी शृंगार माधुरी पद २६

23 वही, शृंगार माधुरी पद ८०

इन के रच पदों का भाषा पिंगल अर्थात् राजस्थानी मिश्रित व्रज-भाषा है। उस पर राजस्थानी का बहुत गहरा प्रभाव पाया जाता है। यथा—

(क) "अरज करा छा म्हारा मैल्हा आज्यो।'[२४]

(ख) आवे छै आवे छै अलवेली ह सहेली हे गिरधर प्रीतम पामणा।[२५]

(ग) काइ मासू मान करो मृगानैणी।"[२६]

(घ) कामण कीधा छै जो नाजक नार।[२७]

(ङ) केसरियो कु वर मिझमान छै रगभीनी लाडो।'[२८]

(च) काहि करा मनुहार म्हासू म्हैता थारा दल री जाणी।'[२९]

इन पदा की भाषा पर कही कही पजाबी और खडी बाली का भी रग दखने मे आता है। उदाहरण—

(क) चरणा दी दासी साहीबा जनम जनम री आप किया की प्रीत निभाज्यो।[३]

(ख) "अविद्या बहुत करता है हरो सो नाहि डरता है।[३१]

इन पदा म एक दो पद तो पूरे के पूर गुजराती म हैं। इससे ज्ञात होता है कि व्रजराज का गुजराती भाषा पर भी अच्छा अधिकार था। उदाहरण—

गरबी

रुडी भली रलीयावणी जी रे
आली जमुनाये तीर सुहावणी जी रे। आला।

---

२४ व्रजराज काव्य माधुरी पद्माधुरी प॰ ६
२५ वही प॰ माधुरी प॰ २४
२६ वही प॰ माधुरी पद ६७
२७ वही प॰ माधुरी पद ६४
२८ वही प॰ माधुरी प॰ २
२९ वही प॰ माधुरी प॰ ८६
३ वही प॰ माधुरी प॰ ६
३१ वही प॰ माधुरी पद ७

कसनजी ना या नित आवणो जो रे।
मधुरी सी मुरली बजावणा जी र।
हियै साच घणू ने कलपो घणी जो र।
नैणे लाधा नथी व्रजना घणी जा रे।
रैन आधी रही नैं चन्दा ढल्या जी र
मारै नदजी नो नन्द नथी मल्यो जी र।
मावो भूठो थयो वलमरयो जी र
कमे एटला दुध नथी महा जो र।
मयो याओ उपाय करया थको जो रे
साम आव नथी ता जावा मुखो जी र।
मग्ग बातें करें कमी वजी जा र
सरवै दुमना जान त्यायी भजी जा र।
थारैं माथे मुकट लकुटी नीय जी र
वछे नटनो भम मला वीय जी रे।
अेन श्री व्रजराज मु आवीयो जा र
मानु रंक महानिधि पावीयो जी र।[32]

राजस्थानी पंजाबी आदि भ पाषा का मन होन क कारण ब्रजराज ये पना का भाषा कुछ उखड़ी हुइ कुछ ऊबड़-खाबड़ दिखाई पड़ती है किन्तु फिर भी उनकी गयना और स्वर-माधुर्य म किसी प्रकार का अन्तर नहीं आया है। गय पना की भाषा मे जा सरसता और प्रवाह होना चाहिए वह इनम पूर्ण रूप से पाया जाता है। उदाहरण—

टाना रंगा कीनी है रग भीनी राधे करिके गुमान
इन्सरी थानी ।।टेर।।
नित दिन प्रान रहे व्याकुल हो हरी तेनैं कछु दीनो है।
तरा दरस किये बिनु सजनी छिन में यति छीनो है।
पिय मनमोहन य मनभावन हुकम भदानो है।
श्री ब्रजराज कुंवर को हलो तर मन हर जाना है।।[33]

---

३२ ब्रजराज-नागर माधुरी, पृ० माधुरी पृ० ३२
३३ वही पृ० माधुरी पृ० ३३

इन्होंने अरबी फारसी के शब्दों का प्रचुर प्रयोग किया है परन्तु इनके कारण इनकी भाषा में कहीं दुरूहता व अस्वाभाविकता नहीं आ पाई है। ये शब्द प्रायः वही हैं जिनका प्रयोग सूर बिहारी देव, पद्माकर आदि ब्रजभाषा के कवियों ने किया है और जो एक तरह से ब्रजभाषा के बन चुके हैं। जैसे लायक (अ) गरीबनिवाज (फा) गाफिल (अ) गुमान (फा) राह (फा) फौज (अरबी) निहाल (फा) अजब (अ) गजब (अ) खुमारी (अ) हजार (फा) कुरबान (अ) निसान (फा) महबूब (अ) सामान (फा) तलफ्फन (अ) दिल (फा) हाजर (अ) हजूर (अ) महल (अ) आदि।

छंद

ब्रजराज की कविता में छंदों का वैविध्य नहीं है। इन्होंने बहुप्रचलित केवल चार पांच छन्दों का प्रयोग किया है। जैसे—घनाक्षरी छप्पय सवैया दोहा और सोरठा। इनके अलावा इन्होंने गेय पद लिखे हैं। उक्त छन्दों पर इनका अच्छा अधिकार था। इसलिए इनमें यतिभंग आदि दोष बहुत कम देखने में आते हैं। कहीं कहीं पाद पूर्ति के लिए सु और जु का प्रयोग अवश्य दिखाई देता है। पर ऐसा बहुत कम स्थानों पर हुआ है। प्रायः इनकी रचना में छंद विन्यास का स्थान स्थान पर अच्छा साम्य देखने में आता है।

अलंकार

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है ब्रजराज ने अपनी रचना में सीधी सादी भाषा का प्रयोग किया है। इसलिए इनकी कविता में अलंकारों की भरमार नहीं है। अलंकारों का प्रयोग इन्होंने किया अवश्य है लेकिन ऐसे ही स्थानों पर जहां भाव को भली भांति हृदयंगम कराने के लिए उनका प्रयोग अनिवार्य हो गया है। इनके द्वारा प्रयुक्त कुछ अलंकारों के उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं —

शब्दालंकार

(क) प्रानपती चित आनन्द सौं मनभावन के ग्रह आवन कीनो।
भामिनि भौनन बीच खरी मुख मौन गहै कछु बोल न दीनो ॥[३४]
—छेकानुप्रास

---

३४ ब्रजराज-काव्य माधुरी शृंगार माधुरी पद ५४

(ख) 'सज सँगार सु सूत म मालत कटक म अति फन करे रे ॥[३५]

—वृत्त्यनुप्रास

(ग) घुमड घुमड घटा बरसत बूँदें बूँदें
चमकि चमकि गाज चित्त को डरावे है ।[३६]

—पुनरुक्तिप्रकाश

अर्थालंकार

(क) खंजन म निठुरता सु मीन म चपलता मैं
कंज म विमान य कुरग जेम काग है ।[३७]

—मालोपमा

(ख) भौंहैं चाप चगाय कैं द्रिग जुग बान नगाय ।
तन मन मो मोहन मसा तर परि है पाय ॥[३८]

—रूपक

(ग) बरन तुमा सों तज यह बात विचार विगार ।
नार मारबे का मनो, है माम्न तरवार ॥[३९]

—उत्प्रेक्षा

(घ) ननन पै ग्द कज गर्नों प्रग आनन पै गनि चद बिगारी ।
मोहन म जुग चाप नहो मनकैं लखि नागन चित्त न धारी ॥
भाग पै बेमर ग्गेग बरो तिन पै चपना दुति कोटिन टारी ।
सुदर स्याम सुजान क ऊपर मन मनोहर मरनि वारी ॥[४०]

—प्रसाद

---

३५ ब्रजराज शंगार माधुरी शृंगार माधुरी पद ३०
३६ व शृंगार माधुरी पद ४
३७ वही शृंगार माधुरी पद १६
३८ वही शृंगार माधुरी पद १०
३९ वही शृंगार माधुरी पद १२
४० वही शृंगार माधुरी पद ८२

(ड) मोहन कर मुरली नहीं कछु इक बडी बलाय ।
या व्रज की सब व्रजबधू, सुनि धुनि अति अकुलाय ।।[४१]

—अपह्नुति

(च) खंजन से म्रग मीन से, राधे तेरे नैंन ।
लागत ही मो मन विषे प्रगट करत है मैन ।।[४२]

—चपलातिशयोक्ति

(छ) आरतवान अधीन ह्वै, ठाढे दुहु कर जोर ।
व्रजनिध प्रीतम सौं भली, क्यों बैठी मुख मोर ।।[४३]

—विशेषोक्ति

(ज) खेलन के मिस लै गई कुंजभवन में बाल ।
चकित भई नवला नई देखत ही नंदलाल ।।[४४]

—पर्यायोक्ति का दूसरा भेद

(झ) स्याम को रिझावैगो तो आपदा मिटावै वहि
जैसा बीज बावैगो सु तैसो फल पावैगो ।।[४५]

—लोकोक्ति

विषय-वस्तु

व्रजराज ने शांत और शृंगार रस की कविता लिखी है। इन दो रसों के अलावा अन्य किसी रस का सन्निवेश उसमें नहीं हो पाया है। विषय-वस्तु की दृष्टि से इनकी रचना को स्थूल रूप में तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है—(१) विनय माधुरी (२) शृंगार माधुरी और (३) पद माधुरी।

---

४१ व्रजराज काव्य माधुरी शृंगार माधुरी पद्य २५
४२ वही शृंगार माधुरी पद्य १५
४३ वही शृंगार माधुरी पद्य २३
४४ वही शृंगार माधुरी पद्य ३१
४५ वही विनय माधुरी पद्य ३३

विनय माधुरी

इसमें भक्तिपरक कुल ४१ छन्द हैं। इन छन्दों में गणेश, शिव, अम्बिका, राम, कृष्ण, विष्णु आदि की स्तुति करने के साथ-साथ कवि ने संसार की निस्सारता का वर्णन किया है और अपने उद्धार की याचना की है। इन छन्दों में कुछ छन्द ऐसे भी हैं जिनमें संसार की नश्वरता बताते हुए कवि ने अपने मन को ईश्वर-चिंतन के लिये प्रेरित किया है। यथा—

कौन के मात पिता सुत बंधव कौन के दाम सुनन्दन नारी।
कौन का धाम धरा धन को यह कौन की भूमि कहा अधिकारी॥
कौन को राज तुरी गज सुन्दर अंत सबै रह जायगो सारी।
चेत अजों मन मूढ़ हरी भज क्यों तुव भूलि रह्यौ गिरधारी॥[४६]

इसमें भगवान के दशावतारों से सम्बन्ध रखनेवाली उदारता तथा भक्तवत्सलता की पौराणिक अंतर्कथाओं की झलक मिलती है। इसीलिये गज, गीध, ग्राह, अजामिल, द्रौपदी आदि के उद्धार विषयक वृत्तांतों की आवृत्ति हुई है—

गनिका को तार गीध ग्राह और गज कहीं
अजामिल आदि तारे त्यों ही चित धरोगे।
द्रौपदी की चीर फिर खैंचत हो राम लयो
पदम सुधारयो काज त्यों ही काज सरोगे॥
ध्रुव को बनाय निज रूप यों अभय कियो
हरयो प्रहलाद दुख ज्यों ही भय हरोगे।
करुना निधान महाराज जग सिरताज
मैं हा ब्रजराज त्यों ही मेरा सुधि करोगे॥[४७]

अपने आराध्य से प्रार्थना करते समय कवि ने उनकी जीवन-लीलाओं का भी वर्णन किया है—

---

४६ ब्रजराज ग्रन्थ माधुरी विनय माधुरी पद २१

४७ वही विनय माधुरी पद ३५

कौसल कुमार राम दसरथ तात हू को
वचन प्रमान कर साचौ करयो पन कौं।
चित्रकूट पचबटी जाय बिसराम करयो
दंड दयो स्याम तहा सबै असुरन का ॥
भूमि हा को भार सो उतार दयो सीतापति
अनि ही सु चैन भयो जबै सतजन का।
दीन के दयाल ही के बिरद निभाय जिन
मार दसकध लक दीनो भभीपन कौ[४८] ॥

विनय माधुरी म शात रस की प्रधानता है। इसम शात रस क प्राबल्य से किसी और रस के विकास का अवसर कवि का नही मिल सका है। क्योकि इसम कवि की आत्म निवेदन को भावना प्रबल है। यथा —

बूड रह्यो भवसागर मे अवलबन और कछु न खरो जू।
मोह जजाल बिकार सबै तन की तुम स्याम सु पीर हरो जू ॥
दीनदयाल दया करि कै अपनै ग्रद की सुधि ना बिसरो जू।
एक बिसास रही मन आस जु श्री ब्रजराज सहाय करोजू ॥[४९]

कवि ने इसम कि ही नये भावा की उद्भावना न कर परपरागत भाव ही अपनाये हैं। जैसे—

क्रीडा सुथल मसान भूत सहचर सग सोहत।
चिता भसम अग लेप कठ रुडमाल बिमोहत ॥
भूषन अहि उर लसत बसत भ्रुटी मधि पावक।
दिग अवर गल गरल सदा हर क्रोध सभावक ॥
सब असुभ अमगल रूप यह अगम निगम जग उच्चरत।
निज दास आस पूरन तिनहि सभु महा मगल करत ॥[५०]

उपरोक्त छद महिम्न स्तोत्र और द यपराधनक्षमापनस्तोत्र क निम्नलिखित श्लोका की छाया पर रचा गया है—

---

४८ ब्रजराज वाय माधुरी विनय माधुरी पद्य ११
४९ वही विनय माधुरी, पद्य २६
५० वही विनय माधुरी पद्य ५

श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर पिशाचाः सहचराः
चिताभस्मालेपः स्रगपि नृकरोटी परिकरः।
अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं
तथापि स्मर्तॄणां वरद परमं मङ्गलमसि॥

—महिम्न स्तोत्र

चिताभस्मालेपो गरलमशनं दिक्पटधरो
